### एक नजर में




## 61 शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया

**ग्वालियर .**एसोसिएशन ऑफ यूथ सोसाइटी एवं संरचना समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया इस सम्मान समारोह के आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि यहां आयोजन स्थानीय बाल भवन सभागार में आयोजित किया इस अवसर पर संस्था द्वारा विभिन्न स्कूल एवम् कालेजों के शिक्षक एवम् शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया इस आयोजन में शहर के 61 शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि इस शिक्षक शिक्षिकाओं के सम्मान समारोह अतिथियों द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया इस आयोजन में मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित सांघी विशिष्ट अतिथि आशीष प्रताप सिंह राठौड़ अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने की इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के मोहन अग्रवाल डाक्टर शिखा कट्ठल विशाल जैन धीरज गोयल डाक्टर मनीष रस्तोगी ने किया.

## ईद उल मिलादुन्नवी और गणेश विसर्जन पर रूट परिवर्तन

**ग्वालियर .** ईद उल मिलादउन्नवी और गणेश विषर्जन के दौरान शहर के विभिन्न तिराहे चौराहे पर यातायात का काफी अधिक रहता है इस कारण यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए इन मार्गों पर डायवर्शन रहेगा कंपू क्षेत्र से महाराज बाड़ा, शिंदे की छावनी से फूलबाग और स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन कंपू से मंडेर की माता से चेतकपुरी से होकर जा सकेंगे। कंपू क्षेत्र से महाराज बाड़ा, कटीघाटी से होकर बहोड़ापुर की ओर जाने वाले वाहन सिकंदर कंपू, गिरवाई से गोलपहाड़िया, से मोतीझील होकर बहोड़ापुर जा सकेंगे। गोलपहाड़िया से बहोड़ापुर की ओर जाने वाले वाहन मोतीझील होकर बहोड़ापुर जा सकते। गोलपहाड़िया से रेलवे स्टेशन, सिटी सेंटर की ओर जाने वाले वाहन गिरवाई से सिकंदर कंपू होकर मंडेर की माता से चेतकपुरी होकर जा सकेंगे। बहोड़ापुर से शिंदे की छावनी, फूलबाग होकर रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले वाहन सागरताल होते हुए रेलवे स्टेशन की ओर जा सकेंगे। नाका चंद्रवदनी से शिंदे की छावनी होकर बहोड़ापुर की ओर जाने वाले वाहन सिकंदर कंपू, गिरवाई से गोलपहाड़िया, से मोतीझील होकर बहोड़ापुर जा सकेंगे। किलागेट, हजीरा, रेलवे स्टेशन, गांधीरोड से फूलबाग होते हुए कंपू क्षेत्र में आने वाले वाहन सिटी सेंटर से चेतकपुरी होकर, अचलेश्वर चौराहा से कंपू आ सकेंगे। किलागेट, हजीरा, रेलवे स्टेशन, गांधीरोड से बहोड़ापुर की ओर जाने वाले वाहन सागर ताल होकर बहोड़ापुर जा सकेंगे। रेलवे स्टेशन की ओर से छोटे वाहन एलआईसी से मोतीमहल, नदीगेट से इंदरगंज से अचलेश्वर होकर कंपू की ओर जा सकेंगे। ईद उल मिलातुलनवी त्यौहार होने के कारण फूलबाग चौराहा पर काफी अधिक भीड़ भाड़ होने से यातायात पर काफी अधिक दवाब रहेगा जिस कारण से फूलबाग का क्षेत्र नो व्हीकल जोन रहेगा।

## ब्राहमण सभा मुरार ने किया 11 शिक्षकों का सम्मान

ग्वालियर। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर ब्राहमण सभा मुरार ने चिल्ड्रन ग्लोरी स्कूल, रिसाला बाजार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 11 शिक्षकों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्राहमण समा मुरार के अध्यक्ष राम पाठक, श्रीमती कांता शर्मा, शशिकांत दीक्षित, संदीप शर्मा, रामबाबू शर्मा ने बच्चों को शिक्षक दिवस का महत्व बताया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ज्योति सक्सेना ने सभी अतिथियों का आगार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में अनुपमा राज डण्डोतिया वेलफेयर फाउण्डेन की सचिव एड. अनुपमा डन्डोतिया का जन्मदिन होने के कारण सभी ने उन्हें मिठाई खिलाई और बधाई दी। इस अवसर बासुदेव शर्मा,नरेश कटारे, जेपी शुक्ला,अनील शर्मा, पंकज पाठक,राजा चतुर्वेदी, राकेश लवानिया,संतोष पाठक, श्याम पाठक,मुकेश मन्कू पाठक आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस: राष्ट्र निर्माण का पर्व



ग्वालियर. युवा शिक्षा विचारक शुभम श्रीवास्तव ने कहा कि गुरु और शिक्षक को हमेशा से अत्यंत सम्मानित स्थान दिया गया है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है – गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर अर्थात शिक्षक ईश्वर के समान हैं, क्योंकि वही हमें अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। यही कारण है कि हर वर्ष 5 सितम्बर को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन महान दार्शनिक, विद्वान और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को समर्पित है। डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा केवल रोजगार पाने का साधन नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के भीतर मानवीय मूल्यों का विकास करती है। शिक्षक केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रहते, वे समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव रखते हैं।

## शा .कॉलेज जौरा में सीनियर को छोड जूनियर को दिया चार्ज

ग्वालियर। शासकीय महाविद्यालय जौरा में सीनियर को छोड़ जूनियर को प्रभाव देने का मामला सुर्खियों में है। गौरतलब है कि प्राचार्य डा. एच. एन. सिंह हाड़ा, ट्रेनिंग के लिए भोपाल गए हैं वह कॉलेज के एक प्राचार्य को अपनी जगह चार्ज दे गए हैं इसको लेकर कॉलेज में इस समय चर्चाएं जोरों पर हैं। चर्चा है कि चार्ज के लिए कॉलेज में और भी सीनियर प्रोफेसर थे लेकिन सीनियर को छोड़ जूनियर को चार्ज आखिर क्यों दिया गया?।

## पैग़म्बर मोहम्मद इंसानियत और ईमानदारी के संदेशवाहक

पैग़म्बर हजरत मोहम्मद साहब का जीवन मानवता, सच्चाई और ईमानदारी का अद्भुत उदाहरण है। 570 ईस्वी में मक्का (सऊदी अरब) में जन्मे मोहम्मद साहब ने अपने जीवन के 40वें वर्ष में ईश्वर से वह वह्यी (प्रकाशना) प्राप्त की जिसने इस्लाम धर्म की नींव रखी। मोहम्मद साहब ने अपने जीवन से यह साबित किया कि इंसानियत, प्रेम और करुणा ही सच्चे धर्म का आधार हैं। उन्होंने तत्कालीन समाज की बुराइयों, अंधविश्वासों, अन्याय, असमानता का विरोध करते हुए लोगों को सत्य, ईमान की राह दिखाई। शुरुआती समय में उन्हें विरोध और कड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने धैर्य, ईमानदारी और साहस के बल पर इस्लाम के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुँचाया। उनके जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वे न सिर्फ़ एक धार्मिक नेता बल्कि दयालु पिता और आदर्श इंसान भी थे। आज भी दुनिया के करोड़ों लोग मोहम्मद साहब की शिक्षाओं से प्रेरणा पाते हैं। उनकी दी हुई सीख – ईश्वर एक है और इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है – विश्वभर में अमन और भाईचारे का संदेश देती है।

**प्रो एस एन शुक्ला**







# रमौआ डैम लबालब, जलमग्न हो गए आसपास के इलाके

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 3 सितम्बर.** शहर में लगातार हो रही झमाझम बारिश से झांसी बायपास पर स्थित रमौआ डैम पूरी तरह से लबालब हो गया है, जिससे इसके आसपास के रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए हैं। आमजन के जीवन को संकट में देख स्थानीय सिरोल थाना पुलिस द्वारा देर रात तक एनाउंस करते हुए रहवासियों को अलर्ट किया जाता रहा, कि पानी बढ़ने की दशा में वह अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।

यहां बता दें कि तेज बरसात के चलते बुधवार शाम सात बजे के लगभग लबालब हुआ रमौआ डैम ओवरफ्लो हो गया था। जिससे वेस्ट वियर से पानी की निकासी शुरू कर दी गई थी, यह पानी



ललियापुरा, सिरोल, हुरावली से मुरार होते हुए जड़ेरूआ डैम में जा रहा था। ऐसे में हुरावली की निचली बस्तियां, फूटी कॉलोनी, हनुमान नगर, हुरावली- सिरोल रोड आदि क्षेत्रों में डूबने की संभावना निर्मित होने लगी थी। यहां के रहवासियों का जीवन संकट में होने की जानकारी मिलते ही एसएसपी धर्मवीर सिंह द्वारा सिरोल टीआई गोविंद बागली को विशेष ऐहतियाब बरतते हुए लोगों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। कप्तान के निर्देश पर सिरोल टीआई भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गए, जो देर रात तक वह संभावित डूब प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे। इस दौरान वह थाने के वाहन में लगे माइक के जरिए लगातार एनाउंस करते हुए लोगों को अलर्ट कर रहे थे, कि रमौआ डैम फुल हो चुका है, अत: आप लोग अपने परिवार व मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाएं, क्योंकि अगर रात में फिर से तेज बरसात हुई, तो यह स्थान जलमग्न हो जाने से जन हानि भी हो सकती है।

**बरसात थमी रहने से लेवल पर आया पानी–** बुधवार शाम तक हुई जोरदार बरसात के चलते रमौआ डैम ओवरफ्लो होने लगा था। जबकि बुधवार – गुरुवार की दरम्यानी रात बारिश पूरी तरह से थमी रही, जिससे धीरे–धीरे बांध का पानी लेवल पर आ गया। हालांकि अब भी वह पूरी तरह से लबालब बना हुआ है, ऐसे में थोड़ी बरसात होने पर ही वह दोबारा ओवरफ्लो होकर भयावह रूप धारण कर सकता है।

### डैम के आसपास जाना किया प्रतिबंधित

संभावित खतरे को देखते हुए पुलिस द्वारा रमौआ डैम के आसपास जाना प्रतिबंधित कर दिया गया है। यहां पुलिस बल तैनात है, जो किसी को भी डैम के इर्द–गिर्द नहीं जाने दे रहा है। वहीं बीते रोज डोल ग्यारस से गणेशजी की प्रतिमाओं का विसर्जन होना भी शुरू हो गया है। जिससे तमाम लोग प्रतिमाएं विसर्जित करने रमौआ पहुंच रहे हैं, लेकिन ऐहतियात के तौर पर पुलिस द्वारा डैम के पानी तक किसी को भी नहीं पहुंचने दिया जा रहा है। ऐसे में फिलहाल रमौआ डैम में गणेश प्रतिमा का विसर्जन नहीं हो रहा है। वाहन चालकों को भी डायवर्ट रूट से निकलने की समझाइश देते रहे। पुलिस की इस सक्रियता के चलते विषम परिस्थितियों के बावजूद कोई अनहोनी घटित नहीं हो सकी।

### जनता की बिना जानकारी के खोल दिए बांध के गेट : सुग्रीव सिंह

ग्वालियर। वीरपुर बांध बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव सुग्रीव सिंह ने बताया कि वीरपुर बांध को आज दोपहर 1 बजे बगैर जनता की जानकारी के खोल दिया गया जिससे नाले के किनारे कई गरीब बस्तियों में पानी भर गया। बांध के गेट खोलने का कारण पूछने पर इंजीनियर ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। यहां पर कुछ बड़े–बड़े रिसॉर्ट और गार्डन बन गए हैं। कुछ मिल और फैक्ट्री में पानी भर गया था इसलिए उन्होंने इरीगेशन और नगर निगम के अधिकारियों से मिलकर यह बांध खुलवाया था। दोपहर 1 बजे खोलने के बाद यह रात 9-15 बजे आज इसको बंद कर दिया गया। इसके बीच में कई गरीब घरों के नाले के किनारे की जो बस्तियां थी, उनमें पानी भर गया। अभी भी रात 9-15 बजे जब बंद किया गया तो हजारों की तादाद में लोग यहां उपस्थित थे। लालाराम कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, अजय कुशवाहा, रमेश बघेल आदि उपस्थित थे।

### इनका कहना है

रमौआ डैम के ओवरफ्लो होने से आसपास के क्षेत्रों के जलमग्न होने की संभावना बन रही थी, जिससे रात में एनाउंस कर लोगों को अलर्ट किया गया। हालांकि बरसात थमी रहने से वाटर लेवल सामान्य हो गया है, लेकिन ऐहतियात के तौर पर किसी को भी डैम के पास नहीं जाने दिया जा रहा है, ना ही यहा गणेश प्रतिमाएं विसर्जित करने दी जा रही हैं।

**गोविंद बागौली टीआई, सिरोल**

## सिंध नदी का जल स्तर घटा, पुल पर पैदल आवागमन चालू

ग्वालियर। बाढ़ की विभीषिका झेल रही सिंध नदी का जल स्तर आज सुबह कम होने के बाद सेवढा पुल पर पैदल आवागमन चालू हो गया है। वाहनों की आवाजाही अभी भी बंद रखी गई है। कुछ समय बाद पुल पूरी तरह से खोल दिया जाएगा।

## शंकरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में 3 फिट से ज्यादा पानी भरा, फैक्ट्रियां बंद

ग्वालियर। भारी बारिश के चलते ग्वालियर के शंकरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में 3 फिट से ज्यादा जल भराव के कारण 70 फीसदी फैक्ट्री बंद हो गई हैं। व्यापारियों का कहना है कि सालाना 10 करोड़ का सालाना टैक्स नगर निगम में सरकारी खाते में देने के बाद भी सड़क पानी सीवर की सुविधा व्यापारियों को नहीं मिल रही है। जल भराव के कारण 5000 से ज्यादा मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। व्यापारियों को रोजाना 20 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है।

## ग्वालियर शहर में 28 साल बाद वीरपुर बांध के गेट खुले

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में 28 साल बाद आज दोपहर वीरपुर बांध के गेट खोले गए। बांध के गेट खुलने से बांध के पीछे बने मकान डूबने की स्थिति में आ गए हैं। स्थानीय रहवासी पानी में ही धरने पर बैठ गए हैं। लोगों ने पार्षद और सांसद को जमकर कोसा। लोग पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं, पुलिस ने जनसुरक्षा के लिए बांध के किनारे बैरिकेटिंग कर दी है।

## करंट लगने से पिता पुत्र की मौत

ग्वालियर। पिछोर थाना क्षेत्र के बिर्राट गांव में करंट लगने से पिता पुत्र की मौत हो गई। खेत में काम करने के दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी है।

# जय इंस्टीटयूट में पौष्टिक, व्यंजनों की प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 सितम्बर.** व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज़ के अंतर्गत संचालित जय इंस्टीटयूट ऑफ नर्सिंग एण्ड रिसर्च (नर्सिंग) महाविद्यालय में ''राष्ट्रीय पोषण सप्ताह'' के

**मन रहा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह**

अंतर्गत आज पोष्टिक आहार व्यजनों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । यह पोषण सप्ताह महाविद्यालय में 1 सितम्बर से 7 सितम्बर तक मनाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताऐं एवं सेमिनार आयोजित किये जा रहें है। प्रदर्शनी की शुरूआत संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने फीता काटकर




की। नर्सिंग के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में नॉन फायर व्यजंनो को तैयार किया था। छात्र–छात्राओं के द्वारा बनाई गई हर एक व्यजंन में हेल्थ का राज छुपा था। यह सभी व्यजन सेहत का ख्याल रखते हुए बनाऐं गये थें। इस प्रदर्शनी में ग्रुप सी के विद्यार्थियों ने ऐसे लड्डू बनाए जिनका नाम संजीवनी लड्डू रखा गया था। छात्रों के इस ग्रुप ने बताया कि इस लड्डू की खासियत यह थी कि यह लड्डू डायबिटीज बाले मरीजों के लिए बहुत फयदेमंद है अगर मरीज प्रतिदिन 02 लड्डू खाएंगे तो उनकी सेहत अच्छी होगी साथ ही उनको भरपूर पोषण प्राप्त होगें।

विद्यार्थियों ने बताया कि यह व्यजंन विशेष तोर पर पोस्ट ऑपरेटिव मरीज, गर्भवती महिलाओं, कुपोषित बच्चें एवं मरीजों की सेहत को ध्यान में रखकर तैयार की गऐ है। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने विद्यार्थियों को बताया कि ''राष्ट्रीय पोषण सप्ताह'' पूरे देश में मनाया जा रहा है इसका उद्देश्य हेल्दी फूड को बढाबा देना है मनुष्य आज जिस तरह हेल्दी फूड को छोडकर फास्ट फूड की ओर बढता जा रहा है, जो हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक है। जिससे हमें गंभीर बीमारियां होने का खतरा हमेशा बना रहता है।

इस मौके पर संस्थान की चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह, व्हीआईएसएम हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. ए.के. गुप्ता, नर्सिंग प्राचार्या सहित समस्त नर्सिंग स्टॉफ व छात्र–छात्राऐं मौजूद रहें।

## हवन यज्ञ भंडारे के साथ हुआ कथा का समापन

ग्वालियर। जी बाय एमसी मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह की कथा आज हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे के साथ समाप्त हुई कथा 27 अगस्त से प्रारंभ होकर 3 सितंबर को समाप्त हुई। आज कथा प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर भागवताचार्य जगतगुरु रामानंदाचार्य दिनेशाचार्य महाराज ने कथा के सात दिनों का महत्व बतलाते हुए कहा जीवन में निर्णय सर्वोपरि होता है विषम परिस्थिति में जो सही निर्णय ले लेना. है उसका निश्चित तौर पर अच्छा होता है लेकिन आजकल लोगों के निर्णय क्षमता कमजोर होने से उनका जीवन कठिन हो रहा है।

## सरपंच रावत हत्याकांड में फरार,पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर। सरपंच विक्रम रावत हत्याकांड में फरार एक और पांच हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने शिव कॉलोनी गुढा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि विक्रम रावत हत्याकांड में फरार पांच हजार रूपये का इनामी आरोपी अशोक सिंह रावत अपने घर शिव कॉलोनी गली–05 गुढा में परिजनों से मिलने आने वाला है। पुलिस बताए स्थान पर पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति मिला, जिसने पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अशोक सिंह रावत पुत्र सरदार सिंह रावत उम्र 58 साल निवासी ग्राम बन्हेरी थाना आरोन जिला ग्वालियर हाल निवासी शिव कॉलोनी गली–5 गुढा का होना बताया।






# सूर्या ने मालनपुर में अत्याधुनिक डोमेस्टिक वायर प्लांट लगाया

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 4 सितम्बर.** सूर्या रोशनी लिमिटेड ने अपने मालनपुर प्लांट का विस्तार किया है। मध्यप्रदेश शासन की मंशानुरूप कंपनी ने स्वदेशी तकनीक का उपयोग कर विश्वस्तरीय विद्युत डोमेस्टिक वायर प्लांट लगाया है, जिससे प्रतिवर्ष यहां 12 लाख डोमेस्टिक क्वाइल वायर विभिन्न श्रेणी में बनाई जा रही है। कंपनी पहले से मालनपुर में विभिन्न इलैक्ट्रिकल उत्पाद, एलईडी लाइट, हाईमास्ट, फैन, मोनो ब्लाक पंप भी बना रही है।

सूर्या रोशनी लिमिटेड के चेयरमैन जयप्रकाश अग्रवाल की अगुवाई में सूर्या रोशनी मालनपुर उद्योग क्षेत्र में अग्रणी उद्योग बनकर उभरा है। अभी तक कपनी यहां 550 करोड का निवेश कर चुकी है।



अब सूर्या रोशनी ने यहां बिजली के डोमेस्टिक वायर का उत्पादन प्लांट लगाया है। जिसका विधिवत उत्पादन जल्दी ही होगा। हालांकि सूर्या ने डोमेस्टिक वायर का उत्पादन शुरू कर दिया है। सूर्या रोशनी लिमिटेड लाइटिंग और डयूरेबल के सीईओ वसुमित्र पांडे ने बताया कि सूर्या रोशनी के प्लांट से लगभग 1 हजार से भी अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार दिया गया है। कंपनी अपने डोमेस्टिक वायर की बढती मांग पर 6 सितंबर को चैन्नई तमिलनाडू में इसे लांच कर रही है।

सूर्या रोशनी लिमिटेड अपने देश की एक बडी कंपनी है, जिसने अपनी स्थापना के 52 साल पूरे किये है। वर्ष 1973 में इस कंपनी ने ईआरडब्ल्यू पाइप से अपनी शुरूआत की और आज विभिन्न तरह की लाइटिंग फैन अप्लायंसेज मोनो ब्लाक पंप और वायर उत्पादन करती है। कुछ दिन पहले ही कंपनी ने डयूरेबल केटेगरी में अपना पहला डिजिटल वाटर हीटर लांच किया है साथ ही डयूरेबल भी कुछ केटेगरी अपनी खुद की फैक्ट्री में बनाते है।

कंपनी के चेयरमैन जयप्रकाश अग्रवाल व्यापार के साथ समाजसेवा और नये इनोवेटिव इनिशिएटिव के लिये प्रसिद्ध है और इसी कारण भारत सरकार ने चेयरमैन जेपी अग्रवाल को पदमश्री से सम्मानित किया है।

## रागायन के पिता पुत्र एंव हितेंद्र को मिली ए ग्रेड.

**ग्वालियर 4 सितम्बर.** शहर की प्रतिष्ठित संस्था रागायन के सदस्य संजय राठौर एवं उनके पुत्र विनय राठौर तथा हितेंद्र श्रीवास्तव छोटी उम्र से ही रागायन संस्था के मंच से कई बार प्रस्तुती देते आ रहे हैं। इन पिता पुत्रों की जुगलबंदी का मंचन भी कई बार रागायन संस्था के मंच से हुआ है. ग्वालियर शहर के युवा तबला वादक हितेंद्र श्रीवास्तव आकाशवाणी से इन तीनों को ए ग्रेड की डिग्री प्राप्त हुई है। हितेंद्र श्रीवास्तव ने तबले की प्रारंभिक शिक्षा डॉ. मुकेश सक्सेना जी से प्राप्त की है. वर्तमान मे वे पंडित कुमार बोस से तबले की विधिवत शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. तीनों कलाकार देश के प्रतिष्ठित तानसेन समारोह व तत्सम संगीत सम्मेलनों में एकल प्रदर्शन एवं देश के अनेक प्रसिद्ध कलाकारों के साथ मंचन कर चुके हैं.

## श्री रामलीला समारोह का भूमि पूजन आज

**ग्वालियर 4 सितम्बर.** श्री रामलीला समारोह ग्वालियर के महासचिव विजय गोयल द्वारा प्रेस विज्ञप्ती के माध्यम से अवगत कराया गया है कि रामलीला समारोह हेतु भूमि पूजन मुख्य अतिथि प्रधुमन सिंह तोमर,ऊर्जा मंत्री दौलत सिंह चांसलर, आईटीएम यूनिवर्सिटी, ग्वालियर के करकमलों द्वारा रामलीला मैदान, (फूलबाग प्रांगण) लश्कर, ग्वालियर में सम्पन्न होगा । भूमि पूजन का कार्यक्रम केदारपुर के संजीव शर्मा के द्वारा मंत्रोचार के साथ किया जायेगा ।











